卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 56 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦3 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in











# तीन राज्यों में लहराया भगवा परचम

## सिर्फ तेलंगाना में कांग्रेस को बढ़त, अन्य तीन राज्यों में मोदी सब पर भारी





नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। पांच राज्यों में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में से चार के नतीजे आज सामने आये हैं। मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनावी रुझान में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिल गया है। वहीं, तेलंगाना में कांग्रेस को बहुमत मिला है। मध्य प्रदेश में सभी 230 सीटों पर मतगणना के शुरुआती तीन घंटों के रुझानों में ही भारतीय जनता पार्टी न केवल ऐतिहासिक बहुमत की ओर बढ़ती दिखने लगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत भारतीय जनता पार्टी के लगभग सभी दिग्गजों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया। यहां कांग्रेस की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को छोड़ कर लगभग सभी दिग्गज नेता रुझानों में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से पीछे हैं। दोपहर बाद के रुझानों के अनुसार भाजपा 161, कांग्रेस 64 और अन्य तीन सीटों पर आगे चल रहे थे। छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा सीटों की मतगणना के शुरुआती रुझानों में कांटे की टक्कर रही। शुरू में कांग्रेस को बढ़त मिलने के बाद, बाद में भाजपा आगे निकल गई। शुरुआती रुझानों कांग्रेस आगे थी, मगर बाद में स्थिति बदल गई और भाजपा बहुत की ओर बढ़ने लगी। दोपहर तक बीजेपी को रुझानों में 54 सीटें मिल रही हैं तो वहीं कांग्रेस 33 सीटों पर सिमटती दिख रही है। 3 सीटें अन्य के खाते में जा सकती है। उधर 199 सदस्यीय राजस्थान विधानसभा चुनाव में भी भाजपा बढ़त बहुमत का आंकड़ा पार करती नजर आ रही है। दोपहर तक बीजेपी 110 सीटों पर और कांग्रेस 72 सीटों पर आगे चल रही थी, जबकि बीएपी (भारतीय आदिवासी पार्टी) के उम्मीदवार चार सीटों पर आगे थे। बहुजन समाज पार्टी दो सीटों पर आगे नजर आ रही थी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरदारपुरा सीट से करीब 8 हजार वोटों से आगे थे । पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ जयपुर की झोटवाड़ा सीट से आगे चल रहे थे। तेलंगाना की सभी 119 विधानसभा (शेष पृष्ठ सात पर)

# हल्द्वानी में 44 दुकानों पर गरजी जेसीबी



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामपुर रोड पर वन विभाग की जमीन पर बने एच एन इंटर कॉलेज की बाउंड्री में बनी 44 दुकानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। भारी पुलिस फोर्स के साथ पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों की मौजूदगी में दुकानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। बीती शाम ही वन विभाग के अधिकारियों द्वारा अनाउंसमेंट के माध्यम से दुकानदारों को नोटिस देकर अवगत करा दिया था। मुनादी के बाद ही दुकानदारों ने अपनी दुकानें खाली करनी शुरू करी थी। अतिक्रमण हटाये जाने को लेकर कारोबारियों में इस वक्त भारी आक्रोश है उनका कहना है कि सरकार ने उनका पक्ष नहीं सुना । वह अतिक्रमणकारी नहीं है इसके बावजूद उनके कारोबारों को उजाड़ा जा रहा है।इस दौरान वन विभाग की एसडीओ शशि देव, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, लालकुआं सीओ संगीता, कोतवाल हरेन्द्र चौधरी, एसओ बनभूलपुरा नीरज भाकुनी, एसओ चोरगलिया भगवान महर, रेंजर रूप नारायण गौतम समेत वन विभाग और पुलिस फोर्स मौजूद रही। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 44 दुकान अवैध है, जो कि (शेष पृष्ठ सात पर)

# सड़क दुर्घटना बाइक सवार की मौत



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिनेशपुर क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार विजय नगर दिनेशपुर निवासी 30 वर्षीय असीम मण्डल पुत्र हरि नारायण छोटा हाथी वाहन चलाता था। शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह बाईक पर अपनी ससुराल अमृतनगर खटोला जा रहा था तभी गदरपुर मटकोटा रोड पर बर्फ फैक्ट्री के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में असीम मण्डल बुरी तरह घायल हो गया। काफी देर तक वह मौके पर ही तड़पता रहा और उसकी मौत हो (शेष पृष्ठ सात पर)

# सट्टे की खाई बाड़ी करता सटोरिया पकड़ा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुखविर की सूचना पर पुलिस ने एक सटोरिये को सट्टा लगाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। अपर उप निरीक्षक दीपक चौहान पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे तभी सूचना मिली कि सुभाष कॉलोनी वार्ड नंबर 28 में पूर्णागिरी मंदिर वाली गली में एक लड़का सट्टे की खाई बाड़ी कर रहा है। मौके पर पहुंचे तो उक्त व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे पीछा करके पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अजय सागर पुत्र निहाल सिंह निवासी सुभाष कॉलोनी वार्ड 29 बताया। उसके पास से एक कॉपी पेन, और 690 रूपये की नगदी बरामद हुयी। पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में उसका चालान कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।


## अंतिम अरदास



बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी **धर्मपत्नी श्रीमती प्रीती राजदेव** का आकस्मिक निधन 24.11.2023 को हो गया है उनकी आत्मिक शांति के लिए **रस्म पगड़ी दिनांक 04.12.2023 दिन सोमवार** को दोपहर 2 से 3 बजे लक्ष्मी नारायण मंदिर (पांच मंदिर)रूद्रपुर में होगी।

**दुखित परिवार**

अंजलि-राकेश चावला (ननद-नंदोई)
अनीता -जितिन बब्बर(ननद-नंदोई)
**फर्म**- दीपक ट्रैक्टर, लालपुर
श्री राम सीड्स, मलसा
श्री राम राईस मिल, मलसा
मो. 8006407700, 7895588051

**दीपक राजदेव (पति)**
श्रीमती सुदेश रानी (सास)
मनोज राजदेव-नीतू ( देवर-देवरानी)
परी राजदेव, रूही राजदेव (पुत्री)
रूद्राक्ष राजदेव ,अनन्या राजदेव(भतीजा,भतीजी)
एवं समस्त राजदेव व छाबड़ा परिवार




# तीन राज्यो में जीत पर झूम उठे भाजपाई

## विधायक शिव अरोरा के कार्यकर्ताओं को मिस्ठान कर दी जीत की बधाई

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। तीन राज्यों में जीत पर विधायक शिव अरोरा के कार्यालय पर भाजपाईयों ने ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी की एवं मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा यह जीत करोड़ो कार्यकताओं के परिश्रम के जीत है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यो की गारण्टी और उनके ऊपर तीनो राज्यो की जनता के अटूट विश्वास की जीत है। यह जीत विपक्षी गठबंधन खोखले वादों को धराशायी करने की जीत है। निश्चित रूप से मध्यप्रदेश में इतने प्रचंड बहुमत से जीत ओर राजस्थान में भी जनता ने जादूगर गहलोत को नकार दिया और छत्तीसगढ़ में भी बघेल के झूठे वादों ओर घोटालों को जनता ने खारिज करते हुए वहाँ भी पूर्ण बहुमत देने का कार्य वहा की जनता ने किया है। यह जीत दर्शाती है कि लोकसभा 2024 के चुनाव में मोदी की सुनामी के आगे कांग्रेस और विपक्ष की पार्टी टिकने वाली नही है। देश की जनता पुनः नरेंद्र मोदी को अपना प्रधानमंत्री चुनने जा रही है, इस जीत ने सभी मिथक ओर सभी पोलटिक्स पंडितों के सारे रुझानों को फेल करते हुए स्पष्ट जनादेश मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में देने का कार्य किया है। यह जीत उन विपक्षी को मुह तोड़ जवाब है जो सनातन को गाली देने का कार्य करते हैं। जनता ने उनको सबक सिखाने का कार्य किया है। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, वेद ठुकराल, धीरेंद्र मिश्रा, सुरेश कोली, मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, शालनी बोरा, प्रीत ग्रोवर, राजेश डाबर, फरजाना बेगम, अनिता बरेठा, माही सकलानी, ममता त्रिपाठी, किरण विर्क, अनमोल विर्क, मयंक कक्कड़, राधेश शर्मा, राजेश जग्गा, योगेश वर्मा, महेश कोली, बिट्टू चौहान, नमन चावला, मनोज मदान, सुनील यादव, विकास बठला, अरविंद गंगवार, विजय डे, भूपराम लोधी, विक्की वाल्मीकि, प्रेम पाल, राजेश यादव, विकास सागर, सुनील सागर, भीमसेन गुप्ता, प्रमोद शर्मा, बबलू सागर, वीरेंद्र तिवारी, रवि दिवाकर, डी के गंगवार, मदन दिवाकर, आशीष यादव, मोहित चड्ढा, जितेंद्र संधू व अन्य लोग मौजूद रहे।





# विभिन्न मांगों को लेकर ब्रिटानियां कंपनी के गेट पर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मांगों को लेकर ब्रिटानियां के श्रमिकों का आंदोलन चौथे दिन भी जारी रहा। श्रमिकों ने रविवार को ब्रिटानियां गेट के सामने प्रदर्शन कर आवाज बुलंद की। बता दें विभिन्न मांगों को लेकर ब्रिटानियां के श्रमिक 30 नवम्बर से कंपनी के गेट के बाहर धरने पर बैठे हैं। आज चौथे दिन श्रमिकों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान श्रमिकों ने बेतन बढ़ाने, महीने में 26 ड्यूटी दिये जाने, किसी भी कर्मचारी को कार्यस्थल से आधी रात को या ड्यूटी से वापस नहीं भेजने, धरने पर बैठे कर्मचारियों के लिए गेट बंद नहीं करने, हर वर्ष वेतन में वृद्धि करने आदि की पुरजोर मांग की। श्रमिकों ने कहा मांगें नहीं मानी गयी तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस दौरान ललित जोशी, अर्जुन बोरा, योगेश पाण्डे, देवेन्द्र गंगवार, सूरज जोशी, उमेश टम्टा, धर्मपाल, मनुप्रकाश, सतीश, गीता देवी, पिंकी, मेघा गोस्वामी, अंजू आदि समेत तमाम श्रमिक मौजूद थे।




# दिनेशपुर में धरने पर बैठे कांग्रेसी

दिनेशपुर /गदरपुर (उद संवाददाता)। खस्ताहाल गदरपुर मटकोटा मार्ग के पुनर्निर्माण को लेकर कांग्रेसियों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार व विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर फोर लेन बनाने की मांग की । ज्ञात हो पिछले कई सालों से गदरपुर-मटकोटा मार्ग जर्जर हुआ पड़ा है। इसके पुनर्निर्माण की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने पूर्व में धरना प्रदर्शन किया। तो वही शनिवार को कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेमानंद महाजन के नेतृत्व में तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता कालीनगर गांव में एकत्र हुए उन्होंने जमकर नारेबाजी कर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की महाजन ने कहा जर्जर मार्ग के कारण कई जाने जा चुकीं हैं। उन्होंने कहा सरकार व विभाग जर्जर मार्ग का मात्र सुधारीकरण कर रही है। जबकि सड़क को दोबारा बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा यदि जल्द से जल्द मार्ग को गंभीरता से लेते हुए इसे 4 लेन बना देना चाहिए वही इस दौरान कांग्रेस के विधानसभा प्रभारी नीरज तिवारी भी मौजूद रहे इस मौके पर प्रदेश महामंत्री ममता हालदार, जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, पूर्व विधायक प्रेमानन्द महाजन, जिलाध्यक्ष नारायण हालदार , किशोर कुमार , तारक बछाड़, सहित तमाम कांग्रेसी उपस्थित रहे ।



KRIBHCO
Cooperative and beyond...

**कृषक भारती कोऑपरेटिव लि०**

**बीज उत्पादन इकाई ,रुद्रपुर ( उत्तराखण्ड )**

**निविदा तिथि विस्तारण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गेहूं बीज छानस( अंडर-साइज)की बिक्री हेतु दैनिक समाचार पत्र 'उत्तराँचल दर्पण' के दिनांक 08.11.2023 के अंक में प्रकाशित निविदा सूचना में कृभको राज्य विपणन कार्यालय, देहरादून में निविदा उपलब्ध कराने कीअंतिम तिथि दिनांक 23.11.2023 समय सांय 04:00 बजे तक प्रकाशित कराया गया था जिसकी तिथि विस्तारित कर दिनांक 18.12.2023 समय दोपहर 12:00 बजे तक किया जाता है। उक्त निविदा उसी दिन दिनांक 18.12.2023 को दोपहर 1.00 बजे इच्छुक निविदा दाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा सूचना से सम्बंधित अन्य सूचनाएं पूर्ववृत्त रहेंगी।

उप महाप्रबंधक (विपणन)
30, आकाशदीप कॉलोनी, चकराता रोड, देहरादून,
उत्तराखंड, पिन कोड-248001,फोन न० 0135 -2539294
ई-मेल पता-smokribhcoddn@yahoo.co.in

दिनांक 03.12.2023

# अब उत्तराखण्ड राज्य में भी खेला जाएगा कश्मीर का पारंपरिक खेल

## स्कॉय एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड का गठन

रुद्रपुर। कश्मीर का पारंपरिक खेल स्कॉय अब उत्तरखण्ड में भी खेला जाएगा। इसके लिए स्कॉय एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड का गठन किया गया। सिटी क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में कश्मीर से आये स्कॉय खेल के जन्मदाता ग्रैंड मास्टर मीर नजीर अहमद ने बताया कि स्कॉय खेल कश्मीर का पारंपरिक खेल है। पूर्व में कश्मीर के राजा महाराजा द्वारा स्कॉय खेल को सेल्फ डिफेंस की विद्या के रूप में प्रशिक्षण दिया जाता था और सैनिकों के लिए यह खेल अनिवार्य कर रखा था। मीर नजीर अहमद ने बताया कि पूर्व में गोवा में आयोजित हुए 37वीं राष्ट्रीय खेलों में स्कॉय खेल को शामिल किया गया है। स्कॉय एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड (रजि.) के अध्यक्ष विकास शर्मा ने बताया कि उत्तराखण्ड में इस खेल के विकास हेतु तमाम संभावनाएं दिख रही हैं। उन्होंने कहा कि यह खेल डिफेंस के परिप्रेक्ष्य में भी उपयोगी है। जल्द ही उत्तराखण्ड में जिलास्तरीय कमेटियों का गठन कर हर स्कूल व कॉलेज तक इस खेल को पहुंचाया जाएगा। जिससे राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पुरुष/महिला खिलाड़ी प्रतिनिधित्व कर राज्य के लिये पदक वीर भी बनेंगे। स्कॉय एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड (रजि.) के महासचिव हसन खान ने बताया कि स्कॉय गेम अंतरष्ट्रीय स्तर पर भारत के साथ 68 देशों में व भारत के 27 राज्यों में खेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कॉय खेल उत्तराण्ड में बहुत लोकप्रियता हासिल करेगा। इस अवसर पर एसोसिएशन के सचिव सुन्दर सिंह सौरभ गौड़,सौरभ सनवाल, दीपक पाण्डे ,रोहित मखोलिया, विश्वकर्मा, जितेन्द्र कुमार, आरती पुजारी, यशस्वी चौहान, हिमांशु जोशी, उमेश प्रसाद सिदवंश मलिक, लक्ष्य जैन, सुधीश राय, शिवचरन सिंह, नवदीप सिंह, अरविन्द शर्मा, शानू कुमार, मंदीप सिंह,सचिन, नीरज सुधीर यदव,मोना कश्यप, कुवेर भारती, सुनीता जोशी, आरूशी कुशवाह, राघव, गरिमा, अर्श, दीक्षाक, पूजा आदि भी मौजूद थे।




# कर्ज से परेशान बुजुर्ग ने खुद पर पेट्रोल छिड़कर लगाई आग

देहरादून। आईटी पार्क क्षेत्र में एक बुजुर्ग ने खुद पर पेट्रोल छिड़कर आग लगा ली। बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बुजुर्ग आर्थिक तंगी से परेशान चल रहे थे। हाल ही में उन्होंने किसी से कर्ज लिया था। जिसे वह लौटा नहीं पाए थे। कुछ महीने पहले ही उनकी पत्नी की मौत भी हुई थी। बुजुर्ग के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। एसओ राजपुर जितेंद्र चौहान ने बताया कि घटना दून डिवाइन आईटी पार्क की है। दून डिवाइन अपार्टमेंट में 71 वर्षीय बुजुर्ग मनोज बंसल अकेले रहते थे। इसी अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर उनकी बेटी अपने परिवार के साथ रहती हैं। पुलिस को शुक्रवार को सूचना मिली कि मनोज बंसल ने खुद को आग लगा ली है। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के संबंध में जानकारी की तो पता चला कि उनकी पत्नी की कुछ महीने पहले मौत हो गई थी। तब से वह परेशान चले रहे थे। इसके साथ ही बताया यह भी जा रहा है कि उन्होंने किसी से कर्ज लिया था। कर्जदाता ने जब तकादा किया तो उन्होंने चेक दे दिया। लेकिन, खाते में पैसे नहीं थे। पुलिस के अनुसार इसी बात से उनके आत्महत्या करने की बात कही जा रही है। पुलिस ने अपार्टमेंट के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की तो पता चला कि वह बृहस्पतिवार को पेट्रोल लेकर आते दिख रहे थे। यह बात भी इसी बात को सिद्ध कर रही है कि उन्होंने आत्महत्या की है। एसओ ने बताया कि अन्य कारणों की जांच की जा रही है। उनका बेटा गुरुग्राम में प्राइवेट नौकरी करता है।

# द हंस फाउंडेशन की टीम ने कराई विभिन्न प्रतियोगिताएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। द हंस फाउंडेशन मोबाइल मेडिकल टीम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस की उपलक्ष्य में जनकल्याण एवं बाल विकास संस्थान में जाकर बच्चों के साथ विभिन्न क्रियाकलाप कराए गए, जिसमें बच्चों से जे.जे. कुमार द्वारा वार्ता की गई। बच्चों के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं भी कराई गई जैसे-गुब्बारा फुलाना,बाल को बॉक्स में फेंकना,चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसी प्रकार से अन्य क्रियाकलाप भी बच्चों के साथ किये गये। इस अवसर पर जनकल्याण एवं बाल विकास संस्थान द्वारा संचालित स्टार्ट इंस्टीट्यूट रूद्रपुर संस्थान के समस्त कर्मचारियों ने भाग लिया तथा बच्चों को प्रोत्साहित किया। संस्थान की हेड श्रीमती शकुंतला मेहता भी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम द हंस फाउंडेशन मोबाइल मेडिकल यूनिट के सौजन्य से कराया गया। जिसमें द हंस फाउंडेशन की टीम के सदस्य सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जे. जे. कुमार, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रवि कुमार गुप्ता ,चिकित्सा अधिकारी अभांशु शुक्ला , चिकित्सा अधिकारी कैलाश चंद सैनी, लैब टेक्नीशियन नेहा अधिकारी, फार्मासिस्ट अनुराग यादव, ड्राइवर प्रीतम सिंह ने भी सहयोग किया।





रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# डीएम ने निकायों में तैनात किये प्रशासक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रमुख सचिव शहरी विकास विभाग के आदेशों के क्रम में 01 दिसंबर 2023 को समाप्त होने वाली राज्य की नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायत में प्रशासक की नियुक्ति की जानी है। जिला मजिस्ट्रेट वन्दना सिंह ने उत्तर प्रदेश नगरपालिका 1916 ( उत्तराखंड राज्य में यथा प्रवृत्त एवम यथा संशोधित) की धारा 10 क की उपधारा (4) में प्रद्त्तत शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पालिका नैनीताल में उपजिलाधिकारी धारी को , भवाली में एसडीएम कोश्याकुटोली को, रामनगर में एसडीएम रामनगर को भीमताल में एसडीएम नैनीताल को, नगर पंचायत लालकुआं में एसडीएम हल्द्वानी को और कालाढूंगी में एसडीएम कालाढूंगी को प्रशासक नियुक्त किया है। नगर निकायों में आम जन को बेहतर सुविधा मुहैया कराने, निकायों के उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग



करके राजस्व में वृद्धि को लेकर जिलाधिकारी वन्दना सिंह ने कैंप कार्यालय हल्द्वानी में नगर निकायों में प्रस्तावित प्रशासकों एवम अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने प्रशासकों को नागर निकायों का चार्ज लेने के उपरांत एक सप्ताह के भीतर निकायों के स्टेक होल्डर्स, कार्मिक, सिविल सोसाइटी, सुपरवाइजर आदि के साथ बैठक करने को कहा। निकाय किस प्रकार बेहतर तरीके से आम जन को सुविधाओं से लाभान्वित कर सके, इसमें बैठक में विचार किया जाए। इसके साथ ही निकायों के पास उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करके निकायों के राजस्व में वृद्धि हो इस पर भी कार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने निकायों को प्राप्त होने वाले करों के संबंध में भी गहनता से अध्ययन करने की बात कही। कई बार निकायों के लीज समाप्त होने के बाद भी अनुबंध चलता रहता है और कई करों को लगाने के बाद निकाय वसूल नहीं पाता। इन सभी कार्यों पर प्लानिंग कर कार्य किया जाए। निकायों में पशुपालन का कार्य करने वालों का हाउस होल्ड सर्वे किया जाए जिससे पशुओं का सटीक आंकड़ा मिल सके। जिन पशुओं की टैगिंग नहीं हुई है, उनकी टैगिंग की जाए। क्षेत्र में टैग लगे हुए आवारा घूमने वाले पशुओं के स्वामियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई अमल में लाई जाए। भविष्य में सरकारी कार्यों के लिए भूमि का उपयोग किया जा सकेगा और अतिक्रमण से भी मुक्त रहेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान, मुख्य नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मेजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, एसडीएम हल्द्वानी परितोष वर्मा, कालाढूंगी रेखा कोहली,मौजूद थे।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक युवक ने देर शाम घर के कमरे में रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को फंदे से नीचे उतारकर उसका पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के भोटिया पड़ाव स्थित कलावती कॉलोनी में शुक्रवार की देर शाम एक 19 वर्षीय उत्पल रस्तोगी का शव उसके ही कमरे में फंदे पर लटका मिला। मृतक युवक उत्पल तकनीकि कोर्स की तैयारी कर रहा था। जबकि मृतक युवक के पिता मंडी में कर्मचारी हैं और मां शिक्षिका हैं। बताया जा रहा कि देर शाम जब युवक उत्पल का ममेरा भाई घर में दाखिल हुआ तो उसने खिड़की से उत्पल को पफंदे पर लटका देखा तो उसके होश उड़ गए। उसकी चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग भी एकत्र हो गए और इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। वहीं सूचना मिलते ही मृतक युवक के पिता गिरीश रस्तोगी व मां पूजा रस्तोगी भी घर में मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से निकालकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस युवक के आत्मघाती कदम उठाए जाने की जांच में जुट गई।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# सभी निकायों में प्रशासक नियुक्त किये

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि शासन द्वारा जनपद की ऐसी नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों, जिनके बोर्ड का कार्यकाल 01 दिसम्बर 2023 को समाप्त होने के उपरांत उ०प्र० नगर पालिकाअधिनियम 1916 (उत्तराखण्ड राज्य में यथा-प्रवृत्त एवं यथा संशोधित) की धारा 10क की उपधारा (4) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 02 दिसम्बर 2023 से अग्रिम आदेशो तक जनपद क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित नगर निगम, नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों हेतु जिलाधिकारी जनपद ऊधम सिंह नगर को प्रशासक नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि नगर निगम रूद्रपुर एवं काशीपुर के प्रशासक का कार्यभार 02 दिसम्बर 2023 की पूर्वान्ह में उनके द्वारा स्वंय ग्रहण कर लिया गया है। जबकि जिलाधिकारी ने उ०प्र० नगर पालिका अधिनियम 1916 (उत्तराखण्ड राज्य में यथा-प्रवृत्त एवं यथा संशोधित) की धारा 10क की उपधारा (4) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 02 दिसम्बर 2023 से अग्रिम आदेशों तक जनपद के तहसील जसपुर क्षेत्रान्तर्गत नगर पालिका परिषद जसपुर एवं नगर पंचायत महुआडाबरा हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट जसपुर, तहसील काशीपुर क्षेत्रान्तर्गत नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट काशीपुर, तहसील बाजपुर क्षेत्रान्तर्गत नगर पंचायत सुल्तानपुर व केलाखेड़ा हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट बाजपुर, तहसील गदरपुर क्षेत्रान्तर्गत नगर पालिका परिषद गदरपुर एवं नगर पंचायत निदेशपुर हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट गदरपुर व नगर पंचायत गुलरभोज हेतु डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट डॉ0 अमृता शर्मा, तहसील किच्छा क्षेत्रान्तर्गत नगर पालिका परिषद किच्छा हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट किच्छा, तहसील सितारगंज क्षेत्रान्तर्गत नगर पालिका परिषद सितारगंज, नगर पंचायत शक्तिगढ़ व नानकमत्ता हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट सितारगंज एवं तहसील खटीमा क्षेत्रान्तर्गत नगर पालिका परिषद खटीमा हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट खटीमा को प्रशासक नियुक्त किया है।

# हत्यारोपी को आजीवन कारावास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपने यहाँ खाना बनाने वाली की निर्मम हत्या करने के आरोपी को तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मीना देउपा ने आजीवन कारावास और साठ हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण पटवा ने बताया कि ट्रॉजिट कैम्प रूद्रपुर निवासी रमेश बाला ने 23-09-2019 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पत्नी प्रिया बाला पड़ोस में रहने वाले दुकानदार ध्रुव दास पुत्र श्याम दास मूल निवासी चार पाड़ा पश्चिम बंगाल के कमरे पर जाकर खाना बनाती थी इसी बीच दोनों में लगाव हो गया पर उसे इसकी जानकारी नही हुई ।अचानक ध्रुव की दुकान बन्द हो गई तो पत्नी ने काम छोड़ दिया जिसके बाद ध्रुव उनके घर आकर खाना खाने लगा। यह सिलसिला करीब तीन चार महीने तक चला जिस पर उसे दोनों के बीच लगाव होने का शक हुआ तो उसने खाना खिलाना बन्द कर दिया। 12-09-2019 को ध्रुव के यहॉ चली गयी और वापिस नहीं लौटी वह बुलाने गया तो भी नहीं आई। 23-09-2019 को पड़ोसी सूरज हालदार ने आकर बताया कि तेरी पत्नी मरी पड़ी है तो हम लोगों ने जाकर देखा कि पत्नी ध्रुव के कमरें में बैड पर मरी पड़ी थी,पत्नी की हत्या कर ध्रुव गायब हो गया है ।पुलिस ने धारा 302,201 आईपीसी में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी और विवेचक द्वारा उसे 05-10-2019 को पश्चिम बंगाल के थाना मेदोपोल क्षेत्रानतरगत होटल पैंथर सती के पास से गिरफ्तार कर लिया ।उसके विरूद्ध तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मीना देउपा की कोर्ट में मुकदमा चला जिसमें सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण पटवा ने 11 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद शनिवार को न्यायाधीश महोदय द्वारा ध्रुव दास को धारा 302 में आजीवन कारावास और पचास हजार रुपये तथा धारा 201 में चार वर्ष के कठोर कारावास और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाते हुए कहा कि जुर्माने की धनराशि में चालीस हजार रुपये मृतका प्रिया बाला के परिजनों को बतौर प्रतिकर दिया जाएगा ।

# तुर्कागौरी में ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विकासखण्ड रूद्रपुर की ग्राम पंचायत तुर्कागौरी में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान श्रीमती आशा देवी उपस्थित रहीं। उक्त कार्यक्रम में अधिकारीगण / व्यक्तियों / लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम का आरम्भ मौ० साजिद ग्राम प्रधान एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति मे स्वागत समिति के द्वारा स्वागीत गीत प्रस्तुत कर किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विकास विभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, पेयजल विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, द्वारा स्टॉल लगाई गयी। उक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को आईईसी प्रचार वाहन की एलईडी के माध्यम से विभागीय अधिकारियों द्वारा समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे-आत्मा योजना, के.सी.सी. और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पी.एम.के.एस.वाई. योजना, पी.एम. उज्जवला योजना इत्यादि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियों को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों / सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत तुर्कागौरी में हेल्थ कैम्प में लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में 02 लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव सांझा किया गया ताकि अन्य ग्रामीण प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम में कृषि में ड्रोन द्वारा नैनो स्प्रे तकनीकी का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में जनपदस्तरीय नोडल अधिकारी डॉ. एस.बी. पाण्डे मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, ऊधमसिंहनगर, कु० सीमा खान दिवस सहायक ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी, श्रीमती आशा देवी ग्रामप्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधि इत्यादि उपस्थित रहे।

# गोडरियाबाग पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विकासखण्ड रूद्रपुर की ग्रामपंचायत गोडरियाबाग में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान श्रीमती गीता देवी उपस्थित रहीं। उक्त कार्यक्रम में अधिकारीगण / व्यक्तियों / लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम का आरम्भ मौ० साजिद ग्राम प्रधान एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में स्वागत समिति के द्वारा स्वागीत गीत प्रस्तुत कर किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विकास विभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, पेयजल विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, द्वारा स्टॉल लगाई गयी। उक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को आईईसी प्रचार वाहन की एलईडी के माध्यम से विभागीय अधिकारियों द्वारा समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे-आत्मा योजना, के.सी.सी. और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पी.एम.के.एस.वाई. योजना, पी.एम. उज्जवला योजना इत्यादि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियों को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों / सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत गोडरियाबाग में हेल्थ कैम्प में लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में 02 लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव सांझा किया गया ताकि अन्य ग्रामीण प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम में कृषि में ड्रोन द्वारा नैनो स्प्रे तकनीकी का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में जनपदस्तरीय नोडल अधिकारी डॉ. एस.बी. पाण्डे मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, ऊधमसिंहनगर, कु० सीमा खान दिवस सहायक ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी, श्रीमती गीता देवी ग्रामप्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधि इत्यादि उपस्थित रहे।

# बन्नाखेड़ा सानी में ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विकासखण्ड बाजपुर की ग्राम पंचायत बन्नाखेड़ा सानी में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीगण / व्यक्तियों / लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम का आरम्भ मौ० साजिद ग्राम प्रधान एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति मे स्वागत समिति के द्वारा स्वागीत गीत प्रस्तुत कर किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विकास विभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, पेयजल विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, द्वारा स्टॉल लगाई गयी। उक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को आईईसी प्रचार वाहन की एलईडी के माध्यम से विभागीय अधिकारियों द्वारा समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे-आत्मा योजना, के.सी.सी. और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पी.एम.के.एस. वाई. योजना, पी.एम. उज्जवला योजना इत्यादि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियों को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों / सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत रफीनगर में हेल्थ कैम्प में लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव सांझा किया गया ताकि अन्य ग्रामीण प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम में कृषि में ड्रोन द्वारा नैनो स्प्रे तकनीकी का प्रदर्शन भी किया गया।। कार्यक्रम में जनपदस्तरीय नोडल अधिकारी श्री बी.एस. मनराल, सहायक जिला निबंधक सहकारी, रूद्रपुर, श्री राजीव धर्मशक्तू ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी, मौ० साजिद ग्राम प्रधान, एवं अन्य जनप्रतिनिधि इत्यादि उपस्थित रहे।

# संदिग्ध हालातों में वन विभाग के रेंजर लापता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।वन विभाग में भाखड़ा रेंज के रेंजर 55 वर्षीय हरिश्चंद्र पांडे अचानक कहीं गुम हो गए। परिवार जनों ने काफी खोजबीन करने के बाद मुखानी थाने में उनकी गुमशुदगी की सूचना दी । थाना अध्यक्ष प्रमोद पाठक ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गयी है। पुलिस द्वारा आसपास के सभी क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। अब तक यह सामने आया है कि हरिश्चंद्र पांडे ओके होटल की तरफ पैदल जाते हुए दिखाई दिए हैं उसके बाद वह टेंपो में बैठते हुए दिखाई दिए हैं।

# शराब पिलाने से मना करने पर ठेली व्यवसायी पर चाकू से हमला

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। काठगोदाम क्षेत्र में ठेला लगाने वाले एक व्यक्ति पर चाकू से हमला कर दिया गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में डा. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शीश महल कॉलटैक्स निवासी विक्रम सिंह पुत्र स्व. ओम प्रकाश की पत्नी कॉलटैक्स में चाय का ठेला लगाती है। देर शाम को कुछ लोग वहां पर शराब पीने के लिए जिद करने लगे। विक्रम ने दारू पिलाने से मना कर दिया। जिस पर तैश में आए लोगों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सरेशाम हुई इस घटना से कॉलटैक्स क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हमलावर घटना के बाद मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही काठगोदाम थाना प्रभारी विमल कुमार मिश्रा भी मौके पर पहुंच गए और घायल को उपचार के लिए एसटीएच भिजवाया। जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा द्वारा बताया गया घायल विक्रम अब खतरे से बाहर है पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है पुलिस द्वारा अब तक यह पता लगाया जा चुका है कि घटना के समय तीन लोगों मौजूद थे जिसमें से एक व्यक्ति के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया पुलिस द्वारा मुकदमा लिखने की कार्रवाई की जा रही है जल्द ही हमलावरों के गिरफ्तारी होने की संभावना है।

# देश के नागरिकों को उनकी भाषा में हो फैसलों की जानकारी : चंद्रचूड़

## सीएजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने की सिल्क्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों के हौसले और बचाव अभियान की तारीफ
## संकट की घड़ी में पूरा देश एकता के धागे में बंध गया था,इस मिशन पर पूरे विश्व की निगाहें टिकी हुई थी






देहरादून(उद संवाददाता)। इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व जज केशव चंद्र धूलिया की स्मृति में कार्यक्रम में हिस्सा लेने देहरादून स्थित एफआरआई पहुंचे सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री डीवाई चंद्रचूड़ ने 'Human dignity and constitution values' विषय पर व्याख्यान दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सीजेआई चंद्रचूड़ ने एक शेर सुना कर काफी कुछ कह गए। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायपालिका हर घर तक पहुंचे यही उनका लक्ष्य है। नागरिकों तक न्याय पहुंचे। आम जनता को उनकी भाषा में फैसलों की जानकारी हो,इसके लिए उनके कार्यकाल में शुरुआत की गई है। शनिवार की सुबह एफआरआई के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने अपने संबोधन की शुरुआत में सिलक्यारा सुरंग दुर्घटना के बचाव अभियान को याद करते हुए इंजीनियर, टेक्नीशियन, शासन-प्रशासन की सफल व मजदूरों के हौसले की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस संकट की घड़ी में पूरा देश एकता के धागे में बंध गया। मानवीय कोशिश और प्रार्थना से 41 मजदूरों को सुरंग से सकुशल बाहर निकाल लिया गया। इस मिशन पर पूरे विश्व की निगाहें टिकी हुई थी। मशीन के खराब हो जाने के बाद अन्य आंतरिक विकल्पों को आजमाया गया और सभी 41मजदूरों की जिंदगी बच गयी। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने इस बचाव अभियान में जुटी टीम व देश की जनता का आभार व्यक्त किया। मुख्य न्यायाधीश ने मराठी मिश्रित हिंदी में अपनी बात शुरू करते हुए शेष व्याख्यान अंग्रेजी में दिया। उन्होंने कहा कि अक्सर अंग्रेजी न जानने से हमारे नागरिक न्यायपालिका से दूर रहते हैं। और उन्हें कई फैसलों की जानकारी नहीं हो पाती। भाषा न जानना कई बार युवकों के लिए एक बाधा बन जाती है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में अंग्रेजी में फैसले दिए जाते हैं। जबकि जिला न्यायालयों में बहस अंग्रेजी में नहीं होती है और उच्च न्यायालय में बहस व फैसले अंग्रेजी में होते हैं। यही नहीं, कानूनी भाषा काफी कठिन भी होती है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में 1950 से अभी तक 36 हजार फैसले हुए हैं। ये फैसले कानून के छात्रों के अलावा जनता तक पहुंचाने की कोशिश की गई और सुप्रीम कोर्ट के 30 हजार फैसलों के हिंदी में अनुवाद किया गया। जबकि इनमें से 20 हजार फैसले हिंदी में अनुवाद करके कोर्ट वेबसाइट पर अपलोड भी कर दिए गए। उन्होंने कहा कि आईटी मद्रास के सॉफ्टवेयर के तहत हिंदी में अनुवाद किया गया। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अधिवक्ता इन फैसलों का अध्ययन करें, उपयोग करें। आजादी कई देशों को मिली लेकिन लोकतंत्र भारत में ही फला फूला। अपने 1एक घण्टे जे सम्बोधन में चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि हमारी आजादी के साथ साथ कई देशों को आजादी मिली लेकिन केवल हमारा ही ऐसा देश है जिसमे लोकतंत्र फला फूला जबकि लोकतंत्र पर प्रहार लगातार जारी रहे। उन्होंने कई उदाहरण दिए कि किस प्रकार से संविधान में कई संशोधन किये गए जो हमारी देश की आधुनिक सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि लोकशाही इतनी घिर कर चुकी है कि तानाशाही प्रवृति को नेपथ्य मे जाना होगा। चूंकि लोकतंत्र में सामूहिक जिम्मेदारी होती है। मैं.. मैं न चल पाएगा । अपनी बात आगे बढ़ाते हुए एक शेर भी कहा ,चमन में इखतिलात-ए-रंग-ओ-बू से बात बनती है हम ही हम हैं तो क्या हम हैं, तुम ही तुम हो तो क्या तुम हो। संबोधन के बाद सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने डिबेट व निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित कर बेहतर भविष्य की कामना की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के जज सुधांशु धूलिया, पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल निशंक, हाईकोर्ट में जज मनोज तिवारी,डीपी गैरोला, पद्म पुरुस्कार से सम्मानित माधुरी बड़थ्वाल, कर्मभूमि फाउंडेशन की अध्यक्षा सुमित्रा धूलिया, सचिव हिमांशु धूलिया, तिग्मांशु धूलिया, अनुपमा जोशी समेत विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हस्तियां, ब्लाइंड स्कूल व कानून के छात्र मौजूद रहे। वहीं प्रथम जस्टिस केशव चन्द्र धूलिया निबंध प्रतियोगिता वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने जीती। उन्हें 25 हजार का कैश पुरुस्कार दिया गया। 20 नवंबर को हुई निबंध प्रतियोगिता में यूपीईएस के जीत सिंह व उत्तरांचल विवि के अक्षत गोयल ने क्रमश: दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। इन्हें 15 व 10 हजार का कैश प्राइज दिया गया। कुल 54 छात्रों ने निबंध प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। डिबेट प्रतियोगिता के विजेता में शताक्षी शर्मा व पार्थ नारायण सिंह अंशवीर व मनोनीत बेस्ट स्पीकर शताक्षी शर्मा रहे।




# विशाल लंगर के साथ सत्संग सम्मेलन संपन्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संगत समतावाद के दो दिवसीय विशाल सत्संग सम्मेलन के दूसरे दिन प्रात:काल 7 बजे से आठ बजे तक वैराग्य वाणी पाठ और मंगलाचरण से शुभारम्भ गिरधारीलाल हरिद्वार चन्द प्रकाश देहली ने किया। जिसमें हल्द्वानी संगत के सैकड़ों लोगों के साथ साथ बाहर से देहली, चन्डीगढ आगरा देहरादून जगाधरी, अम्बाला, हरिद्वार, बेरली बदायू आदि शहरो से आये हुए श्रद्धालुजनों ने श्रवण किया। सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक विशाल सत्संग मनोज मिश्रा बरेली,लेखराज हान्डा अम्बाला, प्रदीप कक्कड, अशोक सडाना, विकास सचदेवा हल्द्वानी वालों ने किया। तत्पश्चात महाआरती और बाहर शहरों से आयी संगत का धन्यवाद किया गया। दोपहर एक बजे से विशाल गुरू लंगर का आयोजन किया गया जिसमे हजारो की संख्या मे श्रद्धालुजनों ने लंगर चखा। सम्मेलन में निवर्तमान मेयर जोगिंदर रोतैला,हरिमोहन अरोड़ा ,पंकज कपूर,राजेन्द्र गुप्ता, संजय राजपाल, उमेश आसवानी ,चेतन आसवानी , इन्द्र मोहन,बालकिशन भुटानी सहित हजारों लोगों ने भाग लिया।





# पीएम के मार्गदर्शन से सफल हुआ मिशन सिल्क्यारा : धामी

## सीएम धामी ने देहरादून में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करने के लिए पीएम मोदी को किया आमंत्रित
## पीएम के साथ राज्य की विभिन्न विकास परियोजनाओं की स्वीकृति और वित्तीय सहयोग देने पर भी की चर्चा



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें देहरादून में आगामी 08 व 09 दिसम्बर को आयोजित हो रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन हेतु आमंत्रित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री जी का सिलक्यारा टनल में फंसे श्रमिकों की निकासी के दौरान दिये गये मार्ग निर्देशन और सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से राज्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा इसके लिये सभी आवश्यक संसाधन एवं मानवीय सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही श्रमिकों एवं उनके परिजनों का मनोबल बढ़ाने से ही हम इस गम्भीर संकट से अपने श्रमिक भाइयों को सुरक्षित वापस लाने में सफल हो पाये हैं। मुख्यमंत्री ने ऋषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर, हरिद्वार में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान स्थापित करने तथा न्यूजीलैंड के सहयोग से चल रहे कीवी फिजिबिलिटी स्टडी में उत्तराखण्ड को सम्मिलित करने का अनुरोध किया। उन्होंने मानसखण्ड मन्दिर माला परियोजना के विकास तथा पिथौरागढ़ के लिये सुगम यात्रा हेतु 508 किमी. सड़क के लिये 20 डीपीआर की मंजूरी के साथ ही 1000 करोड़ रुपए की स्वीकृति तथा प्रदेश के 3 राज्य मार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने जनपद पिथौरागढ़ में धौलीगंगा एवं गौरी गंगा नदियों पर प्रस्तावित विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं के विकास एवं निर्माण की अनुमति तथा अलकनंदा, भागीरथी एवं उसकी सहायक नदियों में निर्विवादित 11 परियोजनाओं के विकास एवं निर्माण की अनुमति देने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से जमरानी बांध परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में शामिल कर 1730.21 करोड़ रुपये की स्वीकृति के लिये आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने सौंग बांध पेयजल परियोजना को पूंजीगत व्यय हेतु वित्तीय सहायता के रूप में 2460 करोड़ रुपये की स्वीकृति तथा जौलीग्रान्ट हवाई अड्डे के उच्चीकरण हेतु विशेष वित्तीय सहायता के रूप में 3000 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने ऋषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर, हरिद्वार में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान स्थापित करने, न्यूजीलैण्ड के सहयोग से चल रहे कीवी फिजिविलटी स्टडी में उत्तराखण्ड को सम्मिलित करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने मानसखण्ड मन्दिर माला परियोजना के विकास तथा पिथौरागढ़ के लिये सुगम यात्रा हेतु 508 किमी. सड़क के लिये 20 डीपीआर की मंजूरी के साथ 1000 करोड़ रुपये की स्वीकृति तथा तीन राज्य मार्गों काठगोदाम- भीमताल ध्यानचुली- खेतीखान- लोहाघाट-पंचेश्वर मोटर मार्ग, मोहान-भतरोंजखान- भिकियासैंण- देघाट-बुंगीधर नागचुलाखाल- मेहलचौरी मोटर मार्ग, 'खैरना- रानीखेत- भतरोंजखान मोटर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से कुमाऊ में जोलिंगकोंग-बेदांग पांच कि०मी०, सिपू-टोला 22 कि०मी० एवं मिलम लाप्थल 30 कि०मी० की तीन सुरंग परियोजनाओं की स्वीकृति के साथ टनकपुर-बागेश्वर रेल योजना को राष्ट्रीय परियोजना के रूप में पूर्ण वित्तपोषण के लिए 140 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति का अनुरोध किया। उन्होंने नैनी-सैनी हवाई अड्डे से फिक्स्ड विंग वायुयान के संचालन, पंतनगर हवाई अड्डे के विस्तार के लिये एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को त्वरित कार्यवाही करने तथा कुमाऊ क्षेत्र में राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र की स्थापना का प्रधानमंत्री से अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने जनपद पिथौरागढ़ में धौलीगंगा एवं गौरी गंगा नदियों पर प्रस्तावित विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं के विकास एवं निर्माण की अनुमति तथा अलकनंदा, भगीरथी एवं उसकी सहायक नदियों में निर्विवादित 11 परियोजनाओं जिनकी कुल क्षमता 771 मे०वा० के विकास एवं निर्माण की अनुमति के साथ अलकनंदा, भगीरथी एवं उसकी सहायक नदियों में विशेषज्ञ समिति-दो द्वारा संस्तुत दस परियोजनाओं जिनकी कुल क्षमता 1352 मेगावाट है के विकास एवं निर्माण की अनुमति देने का भी अनुरोध किया है।





# वन विभाग ने खाली कराया अतिक्रमण

## टीम के पहुंचते ही खुद दुकानें खाली करने में जुटे दुकानदार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। वन विभाग की भूमि पर दुकान बनाकर पिछले कई वर्षों से व्यवसाय कर रहे 25 से अधिक दुकानदारों को नोटिस दिए जाने के बावजूद वहां से दुकानें न हटाए जाने पर बीती शाम वन विभाग की टीम दुकानों को तोड़ने पहुंच गई। वन विभाग की टीम को कार्रवाई करता देख सभी दुकानदारों ने अपना सामान समेटकर दुकान हटानी शुरू कर दी। बता दें रामपुर रोड स्थित एसएन इंटर कॉलेज के आगे वन विभाग की भूमि है जहां 25 से अधिक दुकानदारों ने दुकानें बनाकर अतिक्रमण कर रखा है। उक्त भूमि तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, रूद्रपुर के हल्द्वानी रेंज अन्तर्गत आती है। आरक्षित वन भूमि की दुकान को खाली करने हेतु वन विभाग द्वारा सभी दुकानदारों को 18.05.2023 को नोटिस दिया गया था। जिसके बाद माननीय उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड, नैनीताल में योजित स्पेशल अपील सं0 219/2023 डॉ रूप बसंत व अन्य बनाम राज्यादि में दिनांक 31.10.2023 को पारित आदेश के क्रम में दिनांक 30.11.2023 तक का समय दुकान खाली करने हेतु दे दिया गया था, उक्त समय अवधि समाप्त होने के बाद खत्म होने के बाद वन विभाग द्वारा सभी दुकानदारों को पुन: 24 घंटे का समय देते हुए उक्त दुकानों को खाली करने का नोटिस दिया गया। लेकिन समय बीतने के बाद भी दुकानदारों द्वारा जगह को खाली नहीं किया गया जिसके चलते बीती शाम वन विभाग की टीम दुकानों को खाली करने पहुंच गई। जिससे वहां हड़कम्प मच गया। इस दौरान व्यापारी अपनी दुकानें खुद ही खाली करने में जुट गये।

## दुनिया चले ना श्रीराम के बिना राम जी चले ना हनुमान के बिना..

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार पार्षद अम्बर सिंह के निवास स्थान इंद्रा




कॉलोनी, गली न. 2, रूद्रपुर में सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना,श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा एवं आज शनिवार है महावीर का वार है भजन से हुआ। मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा दरबार में पहुँचे और पार्षद अम्बर सिंह के परिवार द्वारा विधायक अरोरा का फूल मालाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उसके पश्चात दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का भक्तो द्वारा फूल मालायें एवं पगड़ी पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने मनवा होजा दीवाना रे श्री बालाजी के चरणो में आदि भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखला में शिव कुमार ने श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना,अजय जायसवाल ने दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार, सुनील कुमार ने तेरा बालाजी महाराज डंका बाजे, आयुष अरोड़ा ने देना है तो देदे, बिट्टू अरोड़ा ने इतनी कृपा बालाजी बनाये रखना, सतीश ग्रोवर ने मैं तो जपू सदा ही तेरा नाम, हिमांशु श्यामुरिया ने राम नाम आधार जिन्हें, कालू मदान ने फरियाद मेरी बाबा, गीत कुमार ने सामने आओगे या आज भी पर्दा होगा, पवन खेड़ा ने जरा घूमने तो घाटे चलिए, मनोज बाठला ने हे दु:ख भंजन मारुति नंदन, सुरेश मित्तल ने ओ लंका जलाने वाले, अंकुर भटनागर ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनों है, डंपी चोपड़ा ने जो खेल गये प्राणों पे श्री राम के लिये, सुरेंद्र चावला ने लगन तुमसे लगा बैठे, कृष्ण छाबड़ा ने मेरा बाबा बजरंग बाला, प्रदीप यादव ने दुनिया चले ना श्रीराम के बिना आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, अजय जायसवाल, खरैत कुमार, शिव कुमार, लवी अरोरा, धर्मवीर चौधरी, हरीश कुमार, अमन श्रीवास्तव, धर्मवीर चौधरी, हरीश कालरा, प्रदीप कालरा, राजपाल अरोरा, मनीष मुंजाल, अश्वनी कुमार, दर्शन सिंह, डंपी चोपड़ा, अमित कक्कड़, विपुल कुमार, दीपक कुमार, अशोक कालरा, सौरभ अग्रवाल, नरेंद्र अरोरा, सुरेंद्र चावला, राजू गोयल, रोहन भटनागर, जसवंत सिंह, डॉ ओ पी अरोरा, माधव खुराना, पवन अरोरा, शिवम् जायसवाल, रिंकु प्रजापति, रवि सिडाना, सुमित बब्बर, साकेत कुमार, मोहित शर्मा, नीरज शर्मा, सतीश सागर, संदीप कुमार, वी के रॉय, सौरभ चुघ, वैभव गगनेजा, लकी अरोड़ा, सागर हुड़िया, सुरेश कुमार, मनीष मौर्या, मनीष गोयल, वीजेंद्र राजदौर, विक्रम राठौर, अंटू रस्तोगी, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैकड़ों भक्त मौजूद थे।

## प्रदेश में हर क्षेत्र में बिछाया जा रहा सड़कों का जाल: बिष्ट

गदरपुर(उद संवाददाता)। भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के कार्यालय पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना राज्य स्तरीय अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट के प्रथम बार गदरपुर आगमन पर फूल मालाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी का एक मजबूत स्तंभ है और इन स्तंभों के साथ ही हम आने वाले लोकसभा चुनाव में बहुमत प्राप्त करेंगे। गदरपुर आगमन पर शिव सिंह बिष्ट ने भाजपा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते



हुए कहा कि वह प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के माध्यम से ग्रामों को मुख्य सड़क से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं आगे भी यह विकास कार्य जारी रहेगे, उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर भाजपा सरकार की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाकर हर वर्ग के लोगों को लाभ लेने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,केलाखेड़ा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कालरा,जिला मंत्री अमित नारंग,मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुम्बर,ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, मंडल महामंत्री अनिल जेटली,जसवीर चीमा,परमजीत सिंह,कपिल कुमार,संजय चौधरी,रविंद्र सिंह,आशीष ठाकुर,मनोज गिरी,हर्षपाल, अशोक छाबड़ा,त्रिलोक कंबोज, मिंटू रस्तोगी,स्नेहिल कालरा, हरीश रलहन,चिंतन अरोड़ा, नवीन खेड़ा,सैफ अली,गुलशन कुमार सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाजसेवी हरविंदर चुघ को मिला राष्ट्रीय सम्मान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर के समाजसेवी और ब्लड दानदाता के रूप में विख्यात हरविंदर सिंह चुघ को पंजाब में राष्ट्रीय सम्मान मिला है। उनकी इस उपलब्धि पर समाज से जुड़े तमाम संगठन एवं प्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई दी है। बता दें कि 2 दिसम्बर 2023 को पंजाब के बठिंडा में राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें हरविंदर सिंह चुघ को भी उत्तराखंड के ब्लड



मोटीवेटर के रूप में कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। सभी रक्तवीरों को सम्मान देने के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बठिंडा पंजाब के विधायक जगरूप सिंह गिल एवं पूर्ण पंजाब के बड़े जन प्रतिनिधि द्वारा सभी रक्त वीरों को जो पूरे भारतवर्ष से आए रक्त वीरों को सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय स्तरीय सामान समारोह से जहां एक ओर समाजसेवियों को सम्मान मिलता है तो वहीं दूसरी ओर नए ब्लड मोटीवेटरों को और हिम्मत मिलती है।

## कार्यकाल पूरा होने पर निवर्तमान मेयर और पार्षदों को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम में रामपाल सिंह का कार्यकाल सफलता पूर्वक पूरा होने पर देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ ने रामपाल सिंह और सभी निवर्तमान पार्षदों का फूल मालाओं से भव्य स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया और भावभीनी विदाई दी। स्वागत कार्यक्रम में निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि पांच वर्ष का कार्यकाल सबके सहयोग से कब बीत गया पता ही नहीं चला। उन्होंने कहा कि नगर निगम के सभी कर्मचारियों के साथ ही पार्षदों का भी विशेष रूप से उन्हें सहयोग मिलता रहा, जिसके चलते ही वह कार्यकाल को सफलता पूर्वक पूरा कर पाये। सबके सहयोग के चलते ही उनका पांच वर्ष का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा और पूरे पांच वर्ष तक नगर निगम भ्रष्टाचार से मुक्त रहा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की जीरो टॉलरेंस की नीति का नगर निगम में पूरी तरह पालन किया गया। नगर निगम के साथ साथ उनके घर के दरवाजे भी आम लोगों के लिए हमेशा खुले रहे। उन्होंने आम जनता के साथ साथ नगर निगम कर्मचारियों की उम्मीदों पर भी खरा उतरने की कोशिश की। सभी के प्रयासों से छह मृतक आश्रितों को नौकरी दिलाने में भी कामयाबी मिल पायी है यह बड़ी उपलब्धि है। रामपाल सिंह ने कहा कि जनता ने सेवा का मौका दिया तो आगे भी वह जनता की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ रूद्रपुर इकाई के अध्यक्ष मुकेश राजौरिया ने रामपाल सिंह के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि मेयर के रूप में रामपाल ने निष्पक्ष और निर्विवाद रहकर काम किया। उन्होंने कभी भी दलगत राजनीति के आधार पर काम नहीं किया।नगर निगम कर्मचारियों के लिए उन्होंने हमेशा एक अभिभावक की भूमिका निभाई। नगर निगम में उनका कार्यकाल हमेशा याद रहेगा। इस दौरान निवर्तमान पार्षदों ने भी रामपाल सिंह की उपलब्धियां बताते हुए उनके




कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रामपाल सिंह जैसा सरल और व्यवहारिक मेयर सौभाग्य से मिलता है। उन्होंने कभी भी किसी को निराश नहीं किया। सबको साथ लेकर चलने वाले रामपाल सिंह को शहर की जनता एक बार फिर मेयर के रूप में देखना चाहती है। रामपाल सिंह ने घर जाते समय नगर निगम परिसर में स्थित भगवान वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल एवं सफाई संघ के अध्यक्ष मुकेश राजोरिया के साथ माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर घर को प्रस्थान किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा,नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, उपनगर आयुक्त शिप्रा जोशी ,सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, दीपक गोस्वामी, स्वास्थ्य अधिकारी हर्षपाल सिंह चांडोक, अधिशासी अभियंता सौरभ कुमार, गजेंद्र पाल, सुरेश कुमार, मनोज गहतोड़ी,सागर नेगी, पार्षद विधान राय निमित्त शर्मा मोहन खेड़ा प्रमोद शर्मा सुशील चौहान शालू पाल रजनी रावत रीना जग्गा बबलू सागर सोनू अनेजा धर्म सिंह कोली रमेश कलरा परवेज कुरैशी सीमा गुप्ता भुवन गुप्ता सायरा बानो राजेश जगा अंबर सिंह डॉ राकेश सिंह विनय विश्वास प्रमोद शर्मा सोनू मुल्तानी सुनील कुमार मुकेश कुमार, शुभम पाल, सचिन कोली, शिवम कोली, अरुण रस्तोगी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# आयात और निर्यात में संतुलन

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर अनुमान से कहीं अधिक दर्ज होने से स्वाभाविक ही अर्थव्यवस्था को लेकर उत्साह का वातावरण है। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस तिमाही में वृद्धि दर 6.5 फीसद रहने का अनुमान लगाया था, मगर यह 7.6 फीसद दर्ज हुई है। इसमें निर्माण और विनिर्माण क्षेत्र का प्रदर्शन पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में बहुत अच्छा रहा।पिछले वर्ष की दूसरी तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जहां -3.8 रही, वहीं इस वर्ष 13.9 फीसद दर्ज हुई। इसी तरह निर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर पिछले वर्ष की 5.7 फीसद की तुलना में 13.3 फीसद देखी गई। इन दोनों क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन के चलते सेवा, कृषि आदि अन्य क्षेत्रों में वृद्धि दर धीमी रहने के बावजूद सकल वृद्धि दर पिछले वर्ष की 6.2 फीसद की तुलना में इस वर्ष 7.6 फीसद दर्ज हुई।निश्चित रूप से इस वृद्धि दर से अगली दो तिमाहियों में वृद्धि दर का दबाव कम हो गया है और रिजर्व बैंक के इस वर्ष की कुल वृद्धि दर 6.5 फीसद के लक्ष्य तक पहुंचना आसान हो गया है। रिजर्व बैंक का मानना है कि अगली दो तिमाहियों में भी प्रदर्शन बेहतर रहेगा। स्वाभाविक ही, इससे अर्थव्यवस्था के और मजबूत होने की उम्मीद बढ़ गई है। इस समय जब दुनिया के तमाम देश मंदी और महंगाई के दौर से गुजर रहे हैं, तब भारत में वृद्धि दर का रुख ऊपर की तरफ रहना निवेश की संभावनाओं को प्रबल बनाता है। कोरोना महामारी और पूर्णबंदी के बाद निर्माण और विनिर्माण क्षेत्र एक तरह से ठप पड़ गए थे, जिसका असर विकास दर पर साफ दिखने लगा था। मगर इन क्षेत्रों ने जल्दी ही रफ्तार पकड़ ली और इस वर्ष की दूसरी तिमाही तक पहुंच कर अपनी पुरानी लय में लौट आए हैं। हालांकि दूसरे क्षेत्रों में चुनौतियां अभी बनी हुई हैं। सेवा क्षेत्र, जिसमें होटल, व्यापार, परिवहन और संचार में मंदी देखी गई है। इस क्षेत्र में पिछले वर्ष की दूसरी तिमाही में 9.4 फीसद के मुकाबले इस बार महज 5.8 फीसद वृद्धि दर्ज हुई। इसी तरह कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन पिछले वर्ष के 2.5 फीसद की तुलना में 1.2 फीसद देखा गया। इन क्षेत्रों में सबसे अधिक लोग काम पर लगे होते हैं, इसलिए यह चिंता का विषय है। इस वृद्धि दर में एक विरोधाभास यह भी है कि पिछले वर्ष के 8.3 फीसद की तुलना में निजी व्यय घट कर 3.1 फीसद दर्ज हुआ, फिर उधारी की दर में भी बढ़ोतरी दर्ज हुई, इसके बावजूद निर्माण और विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर में उछाल देखा गया। अर्थव्यवस्था में स्थायी मजबूती के लिए सभी क्षेत्रों के सकल घरेलू उत्पाद में संतुलित वृद्धि दर जरूरी होती है। इस दृष्टि से भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने चुनौतियां अभी समाप्त नहीं हुई हैं। फिर, महंगाई पर काबू पाना कठिन बना हुआ है, वैश्विक उथल-पुथल की वजह से कच्चे तेल की कीमतें नीचे नहीं आ रहीं। छोटे, मझोले और सूक्ष्म उद्योगों की स्थिति अब भी बेहतर न होने की वजह से रोजगार का संकट बना हुआ है। राजकोषीय घाटा कम नहीं हो पा रहा। आयात और निर्यात में संतुलन कायम करना कठिन बना हुआ है। घरेलू निवेश, लोगों की क्रयशक्ति और निर्यात नहीं बढ़ेगा, तो विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर का प्रभावित होना तय है। हालांकि रिजर्व बैंक इन पहलुओं पर नजर रखते हुए सावधानी बरत रहा है, पर अर्थव्यवस्था के लिए जोखिम कम नहीं हुए हैं।

# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्किल डेवलपमेंट को मिली सर्वोच्च प्राथमिकता : राज्यपाल

## यूपीई एस के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने प्रदान की उपधियां

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यूपीईएस) के 21वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मेडल एवं उपाधियों से सम्मानित किया। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के अवसर पर छात्रों का आह्वान करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जो मनुष्य के भीतर मानवीय गुणों और अच्छे विचारों का निर्माण करती है और इसके साथ ही मनुष्य के जीवन की राह को भी आसान बना देती है। उन्होंने कहा कि नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण शिक्षित नागरिक ही बेहतर समाज और राष्ट्र के निर्माण में अहम योगदान देते हैं इसलिए बच्चों की गुणवत्तापूर्ण और संस्कारयुक्त शिक्षा की ओर ध्यान देना जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय को शिक्षार्थियों की जरूरतों के अनुसार पाठ्यक्रम में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अपनाकर शिक्षा में स्किल डेवलपमेंट एवं सस्टेनेबिलिटी पाठ्यक्रम को शामिल करने की आवश्यकता है। हमारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति युवाओं के सपनों को साकार करने वाली और देशवासियों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है। आधुनिक भारत के निर्माण में कौशल संपन्न युवा अहम योगदान दे सकते हैं। इसीलिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्किल डेवलपमेंट को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। राज्यपाल ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में आने वाले 25 साल बहुत ही महत्वपूर्ण है। इन 25 सालों में हमें ऊर्जा से भरी एक युवा पीढ़ी का निर्माण करना है। एक ऐसी पीढ़ी जो रिसर्च एवं नए-नए इनोवेशन के लिए लालायित हों जो साइंस से लेकर स्पोर्ट्स तक हर क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करें। ऐसी पीढ़ी जो 21वीं सदी के भारत की आवश्यकताओं को समझते हुए अपना सामर्थ्य बढ़ाएं और कर्तव्य बोध से भरी हो। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के सफल नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। उसमें आपके उड़ने के लिए पूरा आसमान खुला है। देश में तेजी से हो रहे विकास से आपके लिए अवसरों की भरमार है। आज भारत अपने अमृतकाल में है। ये अमृतकाल आप जैसी अमृत पीढ़ी का काल है। आज हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का दूसरा बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चर देश बन गया है। देश का मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर नई ऊंचाइयां छू रहा है। हमारा निर्यात नए रिकॉर्ड बना रहा है। आज देश में स्टार्टअप की संख्या 1 लाख पार कर भारत विश्व में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। राज्यपाल ने कहा कि देश में सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर, फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण से विकास में अभूतपूर्व तेजी आई है। सभी क्षेत्रों में विकास की इस लहर से देश में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर उपलब्ध हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि इन सभी अभूतपूर्व कार्यों के बूते 2047 में आजादी के 100 साल पूरा करने पर जब पूरा देश जश्न मनायेगा, तो निःसंदेह तब तक भारत विकसित राष्ट्र एवं विश्व गुरु का दर्जा प्राप्त कर लेगा। राज्यपाल ने कहा कि याद रखें कि आपकी शिक्षा यहीं समाप्त नहीं हो रही है। शिक्षा की यात्रा तो आजीवन निरंतर चलती रहेगी। मेरी यही सलाह है कि नए अनुभवों को अपनाएं, प्रश्न पूछना कभी बंद ना करें, हमेशा जिज्ञासु बने रहें एवं निरंतर शिक्षा और आत्म सुधार के अवसरों की तलाश करें क्योंकि यही आपको इस प्रतिस्पर्धा के दौर में आगे बढ़ने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि हम जिस पद या जिस क्षेत्र में भी कार्य कर रहे हों हम अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा एवं लगन से पूर्ण करें तो इन सभी नेक प्रयासों से प्रधानमंत्री जी की आकांक्षाओं के अनुरूप इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक बना सकते हैं। कार्यक्रम के अवसर पर कुलाधिपति डॉ. सुनील राय एवं विश्वविद्यालय के प्रो. और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




# होमस्टे के कमरे में फंदे से लटका मिला युवती का शव, ग्रामीणों ने किया हंगामा

उत्तरकाशी ।उत्तरकाशी संगमचट्टी क्षेत्र के कफलों गांव स्थित होम स्टे में युवती की संदिग्ध मौत मामले को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बड़ी संख्या में जिला अस्पताल में पहुंचकर लोग हंगामा कर रहे हैं। परिजन व ग्रामीण युवती की हत्या की आशंका जताते हुए उच्चाधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़े हैं। उन्होंने शव उठाने से भी इनकार कर दिया। शुक्रवार को भी ग्रामीणों ने करीब चार घंटे तक हंगामा काटा। मौके पर पहुंचे सीओ ने ग्रामीणों को किसी तरह समझा बुझाकर युवती के शव को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां उसके पंचनामा व पीएम की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार उत्तरकाशी निवासी एक व्यक्ति का संगमचट्टी क्षेत्र के कफनौल गांव में होमस्टे है। इस होमस्टे में भंकोली गांव निवासी अमृता रावत (18) पिछले एक साल से नौकरी करती थी। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे अमृता का शव होमस्टे के उसी कमरे में लटका मिला, जिसमें वह रहती थी। सूचना पर मनेरी थाने से एसएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस से जानकारी मिलने के बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और हंगामा कर दिया। आरोप लगाया कि होमस्टे मालिक व उसके नौकर ने उनकी बेटी की सूचना पुलिस को तो दे दी, लेकिन परिजनों को इसकी जानकारी नहीं दी। ग्रामीण मौके पर मीडिया और पुलिस के उच्च अधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़ गए और पुलिस को शव नहीं उठाने दिया।परिजनों ने आरोप लगाया कि शव जिस रस्सी से लटका हुआ था वह कमजोर थी और अमृता के पैर भी जमीन को छू रहे थे। परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी की हत्या की गई है और इसे आत्महत्या दर्शाने के लिए यहां फंदे लटकाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस कमरे में अमृता रहती थी, उसकी अंदर से कुंडी भी नहीं लगी थी।सूचना पर दोपहर करीब 12:30 बजे सीओ अनुज कुमार मौके पर पहुंचे। जिन्होंने आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों को समझाया। जिसके बाद युवती के शव को फंदे से उतारकर जिला अस्पताल भिजवाया गया। ग्रामीण राजेश चौहान, सहदेव रावत, देवेंद्र रावत, भागवत रावत व सतवीर रावत आदि ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की।पुलिस ने घटना के समय होमस्टे में मौजूद वहां के मालिक व नौकर को हिरासत में ले लिया है। घटना के दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने नौकर को मारने का भी प्रयास किया था। जिसे पुलिस ने किसी तरह बचाया।



# शासन ने सात पुलिस अधिकारियों के नामों का पैनल यूपीएससी को भेजा

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश में पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक के चुनाव के लिए शासन ने यूपीएससी को पैनल भेज दिया है। इस पैनल में मौजूदा कार्यवाहक डीजीपी के साथ-साथ अन्य सात एडीजी का नाम भी शामिल हैं। ये सब एडीजी नए नियमानुसार 25 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके हैं। बताया जा रहा है कि इस पैनल को पूर्व डीजीपी के सेवानिवृत्त होने से एक दिन पहले ही भेजा गया था। पूर्व डीजीपी अशोक कुमार 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हुए हैं। इससे पहले सरकार की ओर से डीजीपी तय करने के लिए 29 नवंबर को पैनल बनाकर संघ लोक सेवा आयोग के पास भेजा था। हालांकि सरकार ने पैनल भेजने के बाद कार्यवाहक डीजीपी की तैनाती कर दी है। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अभिनव कुमार 30 नवंबर को पुलिस विभाग की कमान संभाल चुके हैं। जिन सात अधिकारियों का पैनल यूपीएससी को भेजा गया है, उनमें 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी कार्यवाहक डीजीपी अभिनव कुमार सहित 1995 बैच के आईपीएस दीपम सेठ, 1995 बैच के ही आईपीएस पीवीके प्रसाद सबसे वरिष्ठ हैं। इसके अलावा एडीजी अमित सिन्हा, वी मुरुगेशन, संजय गुंज्याल और एपी अंशुमान के नाम भी पैनल में शामिल किए गए हैं। अब यूपीएससी इसमें से टाप तीन नाम तय करते हुए, पैनल वापस राज्य सरकार को भेजेगी। जिसमें से सरकार किसी एक का नाम पूर्णकालिक डीजीपी के लिए तय कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक संघ लोक सेवा आयोग से जल्द ही पैनल वापस आने की उम्मीद है।

# जन्म दिन पर डा. राजेन्द्र प्रसाद को किया याद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने देश के पूर्व राष्ट्रपति संविधान सभा के अध्यक्ष तथा सत्यनिष्ठा से परिपूर्ण अधिवक्ता डॉ राजेन्द्र प्रसाद के 139 वें जन्मदिन पर उन्हें भावपूर्ण शब्दों से याद किया और उनके अधिवक्ता के चरित्र से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए आज के अधिवक्ताओं एक सत्यनिष्ठ और कर्तव्यनिष्ठ अधिवक्ता के रूप में खुद को साबित करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने वकालत के पेशे में जो उच्च मानदंड स्थापित किये आज उन्हें फिर से स्थापित करने की आवश्यकता है ताकि वकालत के गिरते हुए स्तर की रक्षा की जा सके। डॉ साहब कभी झूठा मुकदमा नहीं लेते थे, जायदाद के पारिवरिक विवादों को अदालत से बाहर ही निबटाने की सलाह लोगों के देते थे जिसका परिणाम आज अदालतों में मध्यस्था अधिकरण तथा लोक अदालतों की स्थापना के रूप में सामने आया है, हमें उनके दिखाए रास्ते पर चल कर ही समाज को नई दिशा दे सकते हैं। श्रद्धांजलि सभा मे बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आर. पी. सिंह, वीरेंद्र गोस्वामी,खड़ग सिंह विर्क, संजीव फौगाट, कमल चिलाना, गुरूबाज सिंह नारंग, सुरेंद्र गिरधर, होमी कुरेशी,नईम मलिक, इमरान मलिक, सुरेंद्र नरूला, ओमैक्स सोसायटी सचिव अभिनव छाबड़ा एडवोकेट, गौरव बिष्ट, सुरभि आहूजा, पूर्व सचिव पीयूष पन्त, गौरव मिड्ढा, प्रियंका मिड्ढा, सुगम गगनेजा, सोमिल घीक , मदन लाल भाटिया, मनोहर सिंह, रवि अरोड़ा, अमित कालड़ा, बॉबी सागर के. डी. मिश्रा तथा पूर्व उपाध्यक्ष सिद्धनाथ मिश्रा समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद थे ।

# राजभवन में आकर्षक पुष्प ट्यूलिप बल्ब का रोपण

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजभवन में अत्यंत आकर्षक एवं कोमल पुष्प ट्यूलिप बल्ब का रोपण किया। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष राजभवन में ट्यूलिप की 13 प्रजातियों के 4500 बल्ब्स रोपित किए गये थे। इस वर्ष राजभवन में ट्यूलिप की 17 प्रजातियों/रंग के 4500 बल्ब्स रोपित किए जा रहे हैं, जिसमें अर्ली प्रजाति के 45 बल्ब, मिड प्रजाति के 65 बल्ब और लेट प्रजाति के 75 बल्ब्स शामिल है। यह बल्ब वसंतोत्सव 2024 तक पुष्पावस्था में रहेंगे। वसंतोत्सव के दौरान ट्यूलिप बल्ब का खास आकर्षण ब्लैक, नारंगी और पर्पल रहेगा। प्रदेश में ट्यूलिप बल्ब प्रयोग के तौर पर प्रथम बार दो प्रजाति के 200 बल्ब्स रोपित किये गये गए जो राजभवन में उगाए गए, जिसके परिणाम उत्साहवर्धक रहे। उसके उपरांत नित्य नई प्रजातियों का रोपण किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रथम बार राजभवन परिसर में ट्यूलिप का रोपण वर्ष 2015 में तत्कालीन राज्यपाल द्वारा किया गया था। उस समय एक प्रयोग के तौर पर मात्र 200 बल्ब का रोपण किया गया, जिसका परिणाम उत्साहवर्धक रहा। इसके उपरांत नित्य वर्ष 2016 में 2017 में 500-500 तथा वर्ष 2018 में 2000 बल्ब का रोपण किया गया। वर्ष 2021 में 4000 बल्ब्स का रोपण किया गया और वर्ष 2022 में 4500 बल्ब का रोपण किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती गुरमीत कौर एवं महानिदेशक, उद्यान विभाग श्री रणवीर सिंह चौहान उपस्थित रहे।






## पेज एक का शेष...

**तीन राज्यों में** ...सीटों पर रविवार को पहले दौर की गिनती के बाद आए रुझानों के मुताबिक, कांग्रेस ने तेलंगाना में आधी जीत का आंकड़ा पार कर लिया। कांग्रेस उम्मीदवारों ने 67 निर्वाचन क्षेत्रों में बढ़त बना ली थी, जबकि सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) केवल 37 क्षेत्रों में आगे था। यहां भाजपा ने 7 निर्वाचन क्षेत्रों में बढ़त बनाई। अन्य प्रत्याशी 8 सीटों पर आगे चल रहे थे।

**हल्द्वानी में** ...एचएन इंटर कॉलेज को वन विभाग द्वारा दी गई लीज पर बनाई गई थी, लीज समाप्त हो गई है। जिस कारण अब इन दुकानों को ध्वस्त किया जा रहा है। बता दें दुकानदार दुकानों को बचाने के लिए उत्तराखंड हाईकोर्ट भी पहुंचे थे जहां से उन्हें लगभग 5 माह में दुकान खाली करने का समय उस वक्त मिला जिसकी मियाद खत्म हो चुकी थी।

**सड़क दुर्घटनाप में** ...गयी। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गये। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक शादी शुदा था उसका एक पुत्र है।

# टीएमयू बीटेक-सीएस की एस्ट्रेला में फ्रेशर्स का धमाल

मुरादाबाद (उद ब्यूरो)।तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी- सीसीएस आईटी में बीटेक-कंप्यूटर साइंस की फ्रेशर पार्टी-एस्ट्रेला 2023 में आदित्य आर्यन को मिस्टर फ्रेशर और माही सिंह को मिस फ्रेशर चुना गया। फ्रेशर पार्टी में छात्र-छात्राओं ने अपने हुनर से सभी का दिल जीत लिया। स्टुडेंट्स ने नृत्य, गायन, रैप वॉक, टैलेंट राउंड आदि परफॉर्मेंस किए। सीनियर्स और जूनियर्स ने डांस, सिंगिंग, शायरी, गेम्स, स्टैंडअप जैसे कई प्रदर्शन किए। स्टुडेंट्स प्रशांत कुमार को मिस्टर प्रिंस और कृतिका जैन को मिस प्रिंसेज के टाइटल्स से नवाजा गया। इससे पहले टीएमयू के वाइस चांसलर प्रो. रघुवीर सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, एफओईसीएस के निदेशक प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, वाइस प्रिन्सिपल प्रो. अशेन्द्र कुमार सक्सेना, एचओडी डॉ. शम्भू भारद्वाज और बीटेक-कंप्यूटर साइंस के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर श्री रूपल गुप्ता ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके सरस्वती वंदना के साथ फ्रेशर पार्टी-एस्ट्रेला का शुभारम्भ किया। इनके अलावा फ्रेशर पार्टी-एस्ट्रेला में रनर अप, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, सर्वश्रेष्ठ ड्रेसिंग सेंस, खेलों के विजेता, क्विज विजेता जैसे टाइटल्स भी स्टुडेंट्स को दिए गए। मिस्टर और मिस फ्रेशर प्रतियोगिता के पहले राउंड में फ्रेशर्स ने रैंप वॉक प्रस्तुत किया। दूसरे टैलेंट हंट राउंड में सभी ने सिंगिंग, डांसिंग, शायरी और मिमिक्री से संबन्धित टास्क परफॉर्म किए। अंतिम प्रश्नोत्तरी राउंड के बाद निर्णायक मण्डल के सदस्यों ने प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'सफल रेस्क्यू' के बाद 'नए उत्साह' से लबरेज 'धामी'

## दिल्ली पहुंचकर तीन नई सुरंगों की स्वीकृति का पीएम से किया अनुरोध प्रस्तावित टनल की 57 किलोमीटर लंबाई होगी,चीन की बढ़ेगी टेंशन

-अर्श-

रूद्रपुर। सूबे के उत्तरकाशी स्थित सिलक्यारा सुरंग का हादसा राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विकास की प्रतिबद्धता को तनिक भी नहीं डिगा पाया है। सिलक्यारा सुरंग हादसे के बाद तकरीबन 17 दिन तक चले देश के सबसे बड़े रेस्क्यू अभियानों में से एक को सफलता पूर्वक संपन्न करने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री एक नए उत्साह एवं संकल्प से लबरेज हो उठे हैं और उत्तराखंड में तकरीबन 57 किलोमीटर लंबी तीन नई सुरंगों के निर्माण की योजना को धरातल में उतरने जा रहे हैं। गौर तलब है कि गत दिवस उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की और उन्हें देहरादून में 08 व 09 दिसम्बर, 2023 को आयोजित हो रहे वैश्विक निवेश सम्मेलन के उद्घाटन हेतु आमंत्रित किया। खबर है कि प्रधानमंत्री से भेंट के दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में चल रही



तमाम विकास योजनाओं के बारे में प्रधानमंत्री से खुलकर चर्चा की और प्रस्तावित सुरंग की स्वीकृति दिए जाने का अनुरोध भी किया ।माना जा रहा है कि प्रस्तावित सुरंग को केंद्र सरकार की स्वीकृत मिलने के बाद, अगर इसे धरातल पर उतर जा सका? तो इससे भारतीय सेना को काफी लाभ मिलेगा तथा भारत चीन सीमा तक सैन्य साजो सामान एवं रसद पहुंचने में और अधिक सहूलियत होने लगेगी। मालूम हो कि इस प्रस्तावित सुरंग परियोजना द्वारा आइटीबीपी की दो चौकियों को सड़क द्वारा आपस में जोड़ा जाएगा। जिसके



परिणाम स्वरूप पिथौरागढ़ के जौलिंगकांग और चमोली के लप्थल के बीच की दूरी घटकर केवल 42 किलोमीटर रह जाएगी ,जो कि अभी 490 किलोमीटर है। उल्लेखनीय है कि भारत-चीन सीमा में वर्तमान में कोई ऐसा सीधा मार्ग नहीं है, जो पिथौरागढ़ के जौलिंगकांग आईटीबीपी पोस्ट को चमोली के लप्थल में स्थित आईटीबीपी पोस्ट को सीधे जोड़ता हो। सामरिक रूप से अति महत्वपूर्ण इन दोनों पोस्टों को 57 किमी की तीन सुरंगों का निर्माण कर 490 किमी की दूरी को कम किया जा सकता है। लिहाजा भारत-चीन सीमा पर दो अलग-अलग घाटियों में स्थित आईटीबीपी की दो चौकियों को आपस में जोड़ने और सीमांत क्षेत्र के लोगों को सुगम यातायात उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने दोनों घाटियों को सुरंग मार्ग से जोड़ने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को काफी पहले ही भेज दिया था। अब अपने दिल्ली प्रवास के दौरान सीएम धामी ने पीएम मोदी से इन तीन सुरंग परियोजनाओं की स्वीकृति का अनुरोध एक बार फिर कर दिया है। बताना होगा कि इन तीन सुरंगों में से पहली सुरंग कुमाऊ में जोलिंगकोंग से बेदांग के बीच होगी, जिसकी लंबाई 05 किमी होगी। इसके अलावा दूसरी सुरंग कुमाऊं में ही सिपू से टोला के बीच होगी, जिसकी लंबाई 22 किमी होगी। साथ ही तीसरी सुरंग मिलम से लाप्थल के बीच होगी और इसकी लंबाई 30 किमी होगी। खास बात तो यह है की इन तीनों सुरंगों के निर्माण के बाद सेना तथा सीमांत क्षेत्र के लोगों को यातायात की सुविधा तो मिलेगी ही, साथ ही इससे पड़ोसी देश चीन की खुराफात पर लगाम लगाने में भी काफी आसानी होगी। बताना होगा कि भारत द्वारा पूर्व में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के आस पास के भारतीय क्षेत्र में, किए गए सड़क मार्ग के निर्माण को लेकर चीन पहले से ही काफी टेंशन में है और सीमांत क्षेत्र की दो आइटीबीपी चौकियों को आपस में जोड़ने की इस सुरंग परियोजना के आकर लेते ही चीन का टेंशन बढ़कर दुगना हो जाएगा।

# तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर मनाया जश्न

## किच्छा में भाजपाईयों ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न

किच्छा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी की तीन राज्यों मध्यप्रदेश ,राजस्थान, छत्तीसगढ़ में जीत को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव सक्सेना के नेतृत्व में नगर के डीडी चौक पर जमकर आतिशबाजी की गई तथा मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगामी लोकसभा लोकसभा चुनाव में हैट्रिक लगाकर देश का पुन: प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड में पांचों सीट जीतकर परचम लहराएगी तथा उत्तराखंड में एक कीर्तिमान स्थापित करेंगे। इस अवसर पर तमाम भाजपा कार्यकर्ता दीनदयाल चौक पर एकत्रित हुए तथा जमकर पटाखे फोड़े व मिठाई वितरण कर खुशी का इजहार किया।इस अवसर पर किशोर राठौड़, अजय सागर, संजू सिंह, पूर्व सभासद धनीराम, महेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह ,मनीष यादव, रोहित , रवि ,राजकुमार कालरा, यशदीप सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## भाजपा नेताओं ने आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

रूद्रपुर(ऊधमसिंह नगर)। तीन राज्यों में भाजपा की शानदार विजयी पर भाजपाईयों ने आज आतिशबाजी करते हुये मिठाई बांटी। मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हुये विधानसभा चुनाव के बाद आये नतीजों में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने की खुशी में भाजपाई आज काशीपुर बाईपास रोड स्थित नेता जी सुभाष चन्द्र बोस चौक पर एकत्र हुये और जमकर नारेबाजी करते हुये आतिशबाजी की और मिठाई वितरित की। इस दौरान वहां से गुजर रहे राहगीरों को रोक-रोक कर मिठाई खिलाई गई और भाजपा के पक्ष में नारेबाजी की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, निवर्तमान मेयर रामपाल,अनिल चौहान, राकेश सिंह, उत्तम दत्ता, सुशील चौहान, अजय चौहान, भुवन गुपता, राकेश, उदयवीर, संतोष, विजय, संजय आर्या, सन्नी, अवधोश मिश्रा, कैलाश, रूप किशार, हरीश चौधरी, भोला साहनी, अमित गौड,दीपक राणा, संजय कुमार, शिव कुमार, ललित विष्ट, मदन शर्मा, सत्यपाल, गंगवार, महेश कोली, गोविन्द साहनी, सन्नी पासवान सहित काफी संख्या में भाजपाई मौजूद थें।





# गदरपुर पालिकाध्यक्ष का कार्यकाल, कहीं खुशी -कहीं गम

## पांच वर्ष में मिली कुछ उपलब्धियां तो विकास के कई वायदे आज भी अधूरे, जनता दे रही मिश्रित प्रतिक्रियायें

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर पालिका बोर्ड का 5 वर्ष का कार्यकाल कई उतार चढ़ावों के साथ समाप्त हो गया है। 5 वर्ष के कार्यकाल में कई बार सभासदों और चेयरमैन के बीच जहां मतभेद पैदा हुए वहीं जनता की तमाम उम्मीदों पर भी पानी फिर गया। जिले के सभी निकायों के साथ गदरपुर पालिका में भी पालिकाध्यक्ष और सभासदों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और नगर पालिका की कमान अब प्रशासन के हाथों में आ गयी है। कार्यकाल खत्म होने के बाद अब जनता के बीच निवर्तमान बोर्ड के काम काज की समीक्षा भी शुरू हो चुकी है। कुछ लोग पालिकाध्यक्ष के कार्यकाल को फ्लॉप तो कुछ सफल बता रहे हैं। पांच वर्ष के कार्यकाल पर सरसरी नजर डालें तो पालिकाध्यक्ष और सभासदों के बीच कई बार पैदा हुए मतभेदों का नुकसान आखिरकर शहरवासियों को ही हुआ। अंतिम माहों में कई सभासदों द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चला कर पालिका प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया था और पालिकाध्यक्ष पर भी गंभीर आरोप लगाए गए।पालिकाध्यक्ष पर धरने पर बैठे कर्मचारियों के साथ गाली गलौज पर मुकदमा भी दर्ज हुआ ,नगर में चल रही ठेके पर सफाई व्यवस्था को लेकर धरने पर बैठकर कर्मचारियों ने रोष जताया था । हालाकि कई लोगों ने पालिकाध्यक्ष के 5 वर्ष के कार्यकाल को सफल बताया है। एक नागरिक ने वार्ता करते हुए कहा कि वर्षों से जो काम नहीं हुए वह पूरे हुए हैं कमियां तो होती है लेकिन अच्छाइयों को भी देखना चाहिए। पालिकाध्यक्ष द्वारा 5 वर्ष के कार्यकाल में सभी वार्डों में जन भावनाओं के अनुसार विकास कार्य करवाए गए हैं कुछ वार्डों में लोनिवि एवं अन्य विभागों को दिए गए निर्माण एवं विकास कार्यों की स्वीकृति न होने से कार्यलंबित है विषम परिस्थितियों के बावजूद ज्यादातर कार्य पूरा करने में प्राथमिकता दिखाई है। धरातल पर अगर विकास कार्यों की बात करें तो वार्ड 3 और 4 में स्थित तिकोनिया पार्क का सौंदर्यीकरण, वार्ड 9 में तालाब का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण ,वार्ड 11 में नहर की कवरिंग ,सार्वजनिक जगहों पर महिला एवं पुरुष शौचालय, प्याऊ का निर्माण ,डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण और रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था आदि पालिकाध्यक्ष की उपलब्धियां कहे जा सकते हैं। अधूरे कार्यों की बात करें तो इसकी लंबी सूची है। पालिका के कार्यकाल में भूमि चयन सिर्फ कागजों में ही सिमट कर रह गया,कूड़ा एकत्रीकरण केवल बुध बाजार स्थित मंडी खलिहान में ही गंदगी फैलाता नजर आ रहा है। सकैनिया रोड पर बाबा भूमणशाह स्मृति द्वार का निर्माण भी अधूरा है। आवास विकास वार्ड में पार्कों सौंदर्यीकरण लटका है। ग्राम मजरा हसन में बनने वाले ट्रंचिंग ग्राउंड का कार्य भी शुरू नहीं हो पाया। ठंडी नदी की सफाई सिर्फ दिखावा साबित हुयी। ठंडी नदी के आसपास बने घरों का मल मूत्र सब नदी में ही डाला जा रहा है। जिसे रोकने के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किये गये। मुख्य मार्गों पर सड़कों के किनारे गलियों में अक्सर दिन रात जल रही बड़ी-बड़ी लाइटें पालिका कर्मियों की लापरवाही का खुला सबूत दे रही हैं, जिसका बिल देने के लिए भी शायद बजट नहीं होगा। पॉलीथीन को प्रतिबंधित करने में भी पालिका प्रशासन फेल साबित हुआ है शहर में आज भी धड़ल्ले से पॉलीथीन और उससे बनने वाली सामग्री बिक रही है। पालिका ने जिन जगहों से अतिक्रमण हटाया था आज वहां पर फिर से अतिक्रमण हो चुका है जिसकी सुध नहीं ली गयी। उजाड़े गए फड़ ठेले वालों मुआवजा या उचित स्थान दिलाने में भी पालिकाध्यक्ष नाकाम रहे, इसका प्रयास मात्र सर्वे तक सिमट कर रह गया। नगर निगम की निविदाओं को लेकर भी पालिका प्रशासन पर सवाल उठते रहे। कई गलियों में नालियों के ऊपर रखे गए जाल क्षतिग्रस्त हो गये, कई गलियों में जल भराव की स्थिति है और सड़क निर्माण भी नहीं हुआ। बढ़ती आवारा कुत्तों की संख्या आज भी लोगों की परेशानी का बनी सबब बनी हुयी है। क्षेत्र में लोगों के लिए मुसीबत बनी हजारों बंदरों की मौजूदगी और नगर पालिका की कार्रवाई सबके सामने है । कुल मिलाकर नगर पालिका बोर्ड का पांच वर्ष का कार्यकाल जनभावनाओं को पूरा करने में नाकाम साबित हुआ है।

